दिनांक 19-10-2022 को अग्रवाल महाविद्यालय के स्ववित्तीय संस्थान में हिंदी एवं अर्थशास्त्र संकाय द्वारा नए सत्र प्रारंभ के अवसर पर विद्यार्थी स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता की सद प्रेरणा से महाविद्यालय में अनेकानेक कार्यक्रम होते रहते हैं। इसी श्रंखला में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच संचालन श्रीमती मधु सिंगला ने करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत सभी को तिलक लगाकर एवं सरस्वती वंदना कुमारी वर्षा के नृत्य से की । हिंदी एवं अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ० रेणु माहेश्वरी एवं डॉ० उषा चौधरी ने सभी का अभिवादन करते हुए स्ववित्तिय संस्थान के प्रभारी डॉ० संजीव गुप्ता को पौधा भेंट करते हुए उनका अभिवादन किया। अर्थशास्त्र की प्रवक्ता श्रीमती त्रिमेश कालरा ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के नियमों से अवगत करवाया। विद्यार्थियों ने पीपीटी के माध्यम से गतवर्ष की उपलब्धियों को, अपने अनुभवों को साँझा किया। तत्पश्चात डॉ० संजीव गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को खुशी से काम करना चाहिए और संघर्ष द्वारा भीड़ से अलग अपनी पहचान बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक एक समुद्र के समान है विद्यार्थी जितनी उनकी गहराई में जाएंगे तो वे सच्चे मोती के रूप में ही बाहर निकलेंगे। इस कार्यक्रम में 100 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारिता निभाई। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ० रेणु माहेश्वरी द्वारा किया। अर्थशास्त्र विभाग की अन्य प्रवक्ताओं भूमि गुप्ता, रश्मि एवं सुरभि जैन सभी के द्वारा यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सार्थक सिद्ध हुआ।